# नेगोशिएशन का विकल्प अतिरिक्त विवाद निस्तारण के तौर पर करना चाहिए : जस्टिस अशोक कुमार जैन

## नेगोशिएशन का महत्व पुरातन काल से ही रहा है तथा लम्बे समय से ग्रामीण परिवेश में ही छोटे-मोटे झगड़ों का निस्तारण पंचायत के माध्यम से किया जाता रहा है : आर.डी.रस्तोगी

**जयपुर।** विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने द्वितीय आर के रस्तोगी मेमोरियल राष्ट्रीय नेगोशिएशन प्रतियोगिता 2024 का सफल आयोजन किया। जिसका समापन 29 सितंबर को हुआ। जिसमें राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अशोक कुमार जैन मुख्य अतिथि रहे। समारोह के अध्यक्षता प्रोफेसर डॉक्टर अल्पना कटेजा उप कुलपति राजस्थान विश्वविद्यालय ने की तथा सशस्त्र बाल अधिकरण के अध्यक्ष एवं न्यायिक सदस्य न्यायाधिपति गोवर्धन बाढ़दार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में देशभर की लगभग 35 से अधिक टीमों ने भाग लिया, दो दिवसीय प्रतियोगिता का चार चरणों में आयोजन किया गया जिसमें राजस्थान उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ताओं ने प्रतिभागिओं कौशल को सराहा। गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी दिल्ली की टीम विजेता रही एवं सिंबोसिस लॉ कॉलेज पुणे में द्वितीय स्थान प्राप्त किया साथ ही सर्वश्रेष्ठ नेगोशिएटर तान्या खनोजा रही, स्पिरिट ऑफ़ द कम्पीटीशन का पुरस्कार देव माहेश्वरी ने प्राप्त किया।

समापन समारोह में न्यायाधीश अशोक कुमार जैन ने कहा कि नेगोशिएशन का विकल्प विवाद निस्तारण नहीं बल्कि अतिरिक्त विवाद निस्तारण के तौर पर विकसित करना चाहिए जिसमें छोटे मामले न्यायालय में न पहुंचे और न्यायालय पर अधिक भर काम किया जा सके।



**विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने द्वितीय आर.के.रस्तोगी मेमोरियल राष्ट्रीय नेगोशिएशन प्रतियोगिता का समापन 29 सितंबर को हुआ। इसमें राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अशोक कुमार जैन मुख्य अतिथि रहे। समारोह के अध्यक्षता प्रोफेसर डॉक्टर अल्पना कटेजा उप कुलपति राजस्थान विश्वविद्यालय ने की तथा न्यायिक सदस्य न्यायाधिपति गोवर्धन बाढ़दार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर कल्पना कटेजा ने कहा कि नेगोशिएशन केवल वकील को ही नहीं अपितु प्रत्येक व्यक्ति को सीखना चाहिए तथा सफल नेगोशिएशन का मुख्य आधार धैर्य से आता है तथा उन्होंने प्रतियोगिता के बारे में कहा कि इस प्रतियोगिता से सभी कुछ ना कुछ सीख कर जाएंगे। न्यायाधीश गोवर्धन बाढदार ने नेगोशिएशन का आधिकारिक उपयोग कर इससे आपसी विवादों को सुलझाने की सलाह दी।

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल राज दीपक रस्तोगी जो कि इस प्रतियोगिता के संरक्षक भी है, ने कहा नेगोशिएशन का महत्व पुरातन काल से ही रहा है तथा भारत में लम्बे समय से ग्रामीण परिवेश में ही छोटे-मोटे आपकी झगड़ों का निस्तारण पंचायत के माध्यम से किया जाता रहा है और और मूलतः भारतीयों का नेगोशिएशन से आपसी समझाइश में इसमें गहरा विश्वास रहा है।

वीजीयू के सीईओ इंजीनयर ओंकार बगड़िया ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में यह अत्यंत आवश्यक है कि अधिवक्ता एवं न्यायिक अधिकारी टेक्नोलॉजी का पूर्ण उपयोग सीखें करें जिससे भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के आने से नेगोशिएशन तथा अन्य न्याय वितरण प्रक्रिया को और अधिक कुशल बन सके वीजीयू के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री संतोष कुमार ने कहा कि नेगोशिएशन को हर घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है ताकि छोटे-मोटे विवाद उत्पन्न ही ना हो और यदि हो भी तो आपसी समझाईश से सुलझाई जा सके।वीजीयू के रजिस्ट्रार प्रोफेसर प्रवीण चौधरी तथा विधि विभाग के डीन प्रोफेसर पी. पी. मित्रा ने सभी को इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

विधि विभाग की अध्यक्ष शिल्पा राव रस्तोगी ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शैक्षिक एवं शैक्षिणक साथियों तथा सभी छात्रों को समारोह को सफल बनाने का श्रेय दिया तथा भविष्य में इसी प्रकार की अगली अंतरराष्ट्रीय नेगोशिएशन प्रतियोगिता आयोजित करने की बात कही।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ''मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ'' अभियान की शुरूआत आज

**नई दिल्ली/जयपुर।** देश के किसानों के लिए भारत सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा "मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ" छठा संस्करण शुरू होने जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत 1 अक्टूबर से होगी और 31 अक्टूबर तक चलेगा। मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान के तहत पूरे देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 4.5 करोड़ से अधिक किसानों को फसल बीमा पॉलिसी के दस्तावेज़ वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत सभी बीमित किसानों को उनके पॉलिसी दस्तावेज उन्हें उनके हाथों में सौंपे जाएं ताकि उनको उनके फसल बीमा से संबंधित सभी जानकारी पूरी तरह से पारदर्शी हो।

- **देश के 4.5 करोड़ से ज्यादा किसानों के लिए यह अभियान 1 से 30 अक्टूबर तक चलेगा**

### किसानों को सशक्त बनाने का मिशन

मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान का एक उद्देश्य किसानों को उनकी फसल बीमा पॉलिसी के प्रति जागरूक करना है ताकि किसानों को बीमा भुगतान संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े। ये अभियान किसानों को सशक्त और प्रोत्साहित करने के लिए चलाया जा रहा है। जागरूकता बढ़ाने के लिए, भारत सरकार किसानों को प्रशिक्षण देने और उनकी शिकायतों से निपटने के लिए फसल बीमा पाठशालाओं के साथ-साथ फसल बीमा के बारे में कम जागरूकता वाले क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक भी आयोजित करेगी।

ये समुदाय-स्तरीय सहभागिताएं किसानों को फसल बीमा के लाभों के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगी

### किसानों को मिलेगा आर्थिक कवच

जलवायु परिवर्तन और अप्रत्याशित मौसम के बदलाव से किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है ऐसे में मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान का उद्देश्य किसानों के लिए दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करना है।

## तालकटोरे में मिला महिला का शव

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर ।** माणक चौक थाना इलाके में स्थित तालकटोरे में सोमवार को एक महिला का शव पड़ा मिला। पानी की सतह पर महिला का शव देख वहां घूमने आए लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सिविल डिफेंस की टीम की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला और सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर भिजवाया। पुलिस ने घटना स्थल पर आसपास के लोगों से पूछताछ की । लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई।

पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर 1 बजे के आसपास तालकटोरा में पानी की सतह पर एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सिविल डिफेंस की टीम की मदद से शव को पानी से बाहर निकाल कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी।

मृतका की उम्र करीब 45 से 50 साल बताई जा रही है। दो -तीन पुराना शव होने के कारण पानी में फूल गया और पानी से बाहर आ गया। पुलिस ने शव को सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा कर मृतका के परिजनों की तलाश शुरु कर दी है।

## सार-समाचार

### हृदय रोग चिकित्सा पर सेमीनार



**कूकस स्थित जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित इंजीनियर रवि भटनागर मेमोरियल लेक्चर में डॉक्टर अश्विनी कुमार शर्मा को महर्षि सुश्रुत पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**

**जयपुर ।** कूकस स्थित जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में अभ्येति फाउंडेशन के सहयोग से सोमवार को इंजीनियर रवि भटनागर मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया। इस लेक्चर के मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि फॉर्टिस हॉस्पिटल जयपुर के डॉक्टर अश्विनी कुमार शर्मा थे, जिन्होंने हृदय रोग चिकित्सा एवं लाइफ सेविंग स्किल पर अपना व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में डॉ. शर्मा ने हृदय रोग एवं रक्त वाहिकाओं से संबंधित रोगों पर प्रकाश डाला और समझाया कि यह रोग किस प्रकार होते हैं, किस कारण से होते हैं तथा इनका निवारण या इनसे बचाव किस प्रकार किया जा सकता है। डॉ. शर्मा ने यह भी समझाया कि धूम्रपान खराब आहार या व्यायाम की कमी जैसी आदतों के कारण इन बीमारियों का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। डॉ शर्मा ने दिल के दौरे के जोखिम से बचने के उपाय भी बताए। व्याख्यान के अंत में डॉ अश्वनी शर्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से प्रश्न उत्तर भी किए। कार्यक्रम के अंत में अभ्येती फाउंडेशन की ओर से डॉक्टर अश्विनी शर्मा को महर्षि सुश्रुत पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। अंत में कॉलेज निदेशिका डॉक्टर सुनीता रावत ने अभ्येती फाउंडेशन की संस्थापिका सीमा भटनागर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जे.ई.सी ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक ललित सरावगी और अर्चना सरावगी उपस्थित रहे।

### मॉब लिंचिंग की अफवाह पर 3 गिरफ्तार

**जयपुर ।** ब्रह्मपुरी थाना इलाके में मामूली झगडे को मॉब लिंचिंग की घटना बता कर सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने के मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि मामले में शामिल कमल महावर,रोहन और अभय उर्फ धूम को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा शेष आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। अब तक की पूछताछ से सामने आया कि पीड़ित मोहम्मद समीर अपनी पावर बाईक पल्सर लेकर सम्राट गेट की तरफ जा रहा था। उसी दौरान आरोपीगण सरफुद्दीन मंसुरी, तनिष्क, कमल महावर पैदल तथा आरोपी रोहन वाल्मीकि, अभय उर्फ धूम वाल्मीकि व एक अन्य उनके साथ धीरे धीरे स्कूटी पर सम्राट गेट से बाहर की और साथ साथ जा रहे थे। इसी दौरान सम्राट गेट के पास परिवादी की पावर बाइक आरोपी के एकदम नजदीक से कट मारकर निकालने की बात को लेकर दोनो पक्षों में आपस में कहासुनी होने लग गयी थी। जो आपसी कहासुनी मारपीट में तब्दील होकर परिवादी के साथ आरोपी द्वारा मारपीट की गई । जिस पर मौके पर झगड़े को देखकर राहगीर इत्यादि के आने पर आरोपी मौके से फरार हो गये।

### टाईम बैंक मनाएगा वृद्धजन दिवस

**जयपुर ।** वैश्विक स्तर पर एक अक्टूबर को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर हर साल की भांति इस वर्ष भी टाईम बैंक ऑफ इंडिया 1 अक्टूबर को भारतीय विद्या भवन, जयपुर केंद्र के साथ संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर पर विस्तृत कार्यक्रम आयोजित कर रहा हैं । इस कार्यक्रम में लगभग 800 सदस्य भाग लेंगे। कार्यक्रम के सुचारु संचालन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया हैं। समारोह में शामिल होने के लिए कोई शुल्क नहीं हैं। कार्यक्रम के दौरान सक्रिय एडमिन एवं सुपर सीनियर नागरिक जो कि टाईम बैंक के सदस्य हैं उनका सम्मान भी किया जाएगा। समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत मुख्य अतिथि होगें। टाईम बैंक ऑफ इंडिया, इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज देश का पहला ऐसा बैंक है, जहां बुजुर्गों की सेवा के बदले समय जमा किया जाता है। अर्थात समय एक मुद्रा के रूप में काम आता है। समारोह में भारतीय विद्या भवन, जयपुर केंद्र सहभागी है । केंद्र के प्रेसीडेंट विमल सुराणा, पूर्व मुख्य न्यायाधीश, सिक्किम हाई कोर्ट जस्टिस एस एन भार्गव, किशन लाल शर्मा, महामंत्री, राजस्थान पेंशनर समाज एवं अरुणेश अग्रवाल, प्रेसीडेंट सनातन धर्म मंदिर, चंडीगढ़ सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे ।

### बजरंग दल ने पकड़ा गोवंश से भरा ट्रक

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गोवंश तस्करी का भंडाफोड किया। हरमाड़ा थाने के बाहर रविवार रात पुलिस के सहयोग से उन्होंने गोवंश से भरा ट्रक पकड़कर 13 गायों को मुक्त कराया। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। हरमाड़ा थाना पुलिस और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ट्रक को थाने के सामने रुकवाया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें 13 गाय होलेस्टर नस्ल की मिली। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए ट्रक के टायरों की हवा निकाल दी। पुलिस ने ट्रक में मिली 13 गायों को नजदीकी गौशाला में भेज दिया। वहीं, गोवंश की तस्करी को लेकर हंगामा होने पर पुलिस जाब्ते को मौके पर तैनात किया गया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को पूछताछ के लिए राउंडअप किया। एसीपी (चौमूं) अशोक चौहान ने बताया कि चौमू की तरफ से एक ट्रक में गोवंश भरकर लाने की सूचना मिली थी। ट्रक में गोवंश मिलने पर तस्करी करने को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। हंगामा होने पर पास के थाने से अतिरिक्त पुलिस जाब्ता भी मौके पर तैनात किया गया। पुलिस ने गायों को मंशारामपुरा गौशाला में भेजकर ट्रक ड्राइवर पवन कुमार निवासी महेन्द्रगढ़ को राउंडअप किया।

# देश विरोधी ताकतों को समाप्त करने के लिए भाजपा को मजबूत करना होगा : मदन राठौड़

- **'सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्य तक लेकर जाएं, फिर सदस्य बनाएं'**
- **भाजपा पंचायत राज प्रकोष्ठ की सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश कार्यालय में पंचायत राज प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश विरोधी ताकतों को समाप्त करने के लिए भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करना होगा। इसके सदस्य अभियान से अधिक से अधिक जन सामान्य को जोड़कर मजबूत करना होगा। इस अभियान में पंचायत राज प्रकोष्ठ की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समाज के अंतिम छोर तक पहुंच का सुगम माध्यम है।

बैठक को संबोधित करते हुए पंचायत राज केबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने कार्यक्रताओं से आग्रह किया कि सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्य तक लेकर जाएं और लोगों को लाभ पहुंचा कर पार्टी से जोड़कर राष्ट्र को मजबूत करने में प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभाएं। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य अभियान सहसंयोजक मोती लाल मीणा ने सदस्यता अभियान के लिए पदाधिकारियों को प्रवास करने एवं निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने का आव्हान किया।

प्रदेश संयोजक रघुवीर सिंह चौधरी ने बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों का संगठनात्मक कार्य विभाजन करते हुए जिला प्रभारियों एवं जिला संयोजकों को सदस्यता लक्ष्य निर्धारित करते हुए पुरा करने का निर्देश दिया। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी भुपेंद्र सैनी, प्रकोष्ठ के सहसंयोजक गोविंद प्रभारी, राजेन्द्र मीणा, पायल परसरामपुरिया, उदय सिंह, भावना सैनी, मनिष व्यास, माधव चौधरी सहित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला संयोजक उपस्थित रहे।

## जिंदा बम प्रकरण में बयान दर्ज कराए

**जयपुर।** जयपुर बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत में सोमवार को मई 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के दौरान जिंदा मिले बम के मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से गलता गेट थाने के तत्कालीन एसएचओ सुरेश कुमार ने बयान दर्ज कराए। मामले में कुल 115 गवाहों में से 107 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं। बयान में सुरेश कुमार ने कहा कि 13 मई 2008 को उन्हें तत्कालीन नॉर्थ एसपी से बम ब्लास्ट की सूचना मिली थी। वे जौहरी बाजार में एलएमबी के पास दुकान नंबर 81 पर गए थे। वहां पर उन्होंने मौका नक्शा बनाया और वहां से साइकिल, छर्रे, जूते व एक पानी की टंकी जब्त की थी।

## राज.वि.वि.में वर्ष 2005 में लागू हुई सामूहिक छात्र दुर्घटना सहायता योजना

**जयपुर,** (का.सं.)। श्री विशन सिंह शेखावत शोध एवं शिक्षण संस्थान राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय में वर्ष 2005 में सामूहिक छात्र दुर्घटना सहायता योजना लागू हुई। राजस्थान विश्वविद्यालय में वर्ष 2005 में यह योजना स्थाई रूप ले चुकी है। वर्तमान में इस योजना के तहत मृत छात्र के मनोनीत परिजन को 12 लाख, एवं दुर्घटना में घायल छात्र को चिकित्सा के लिए 1 लाख रुपए दिए जा रहे हैं, सहायता की यह कुल राशि करोड़ों में पहुंच गई है।

विधि महाविद्यालय से जुड़े एक 22 वर्षीय छात्र की वर्ष 2004 में कॉलेज से घर जाते समय एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। अपनी विधवा माता का यह एकलौता पुत्र था, परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति को सामने रखते हुए इस छात्र के परिजनों एवं मित्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष इस छात्र के परिवार, विशेष रूप से इसकी विधवा माता की आर्थिक मदद की गुहार लगाई। विश्वविद्यालय प्रशासन मदद की भावना रखते हुए भी विश्वविद्यालय में इस तरह की सहायता का कोई विशेष प्रावधान न होने के कारण असहाय हो गया।

# 'आमजन भी भाजपा में शामिल हों'

- **भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर देहात उत्तर जिले की समीक्षा बैठक की**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोमवार को भाजपा जयपुर देहात उत्तर जिले की सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक की। मनोहरपुरा के एक निजी गार्डन में बैठक को संबोधित करते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार लगातार जनहितैषी कार्य कर रही है। फिर चाहे वो बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने हो, या फिर गरीब, दलित और वंचितों के हितों के लिए योजनाओं को शुरू करने की बात हो। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हर वर्ग के लिए कार्य कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आमजन की भी जिम्मेदारी है कि वे भाजपा परिवार में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती प्रदान करें।

राठौड़ ने कहा कि वर्तमान समय की जरूरत को देखते हुए हर नागरिक को जागरूक होने की आवश्यकता है। देश-प्रदेश में चल रही गतिविधियों पर नजर रखने की आवश्यकता है। वहीं भाजपा के सदस्यता अभियान में घर-घर जाकर सदस्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय होना पडेगा। भाजपा कार्यकर्ता प्रतिदिन कुछ समय निरंतर सदस्यता अभियान को अवश्य दें। समीक्षा बैठक में राठौड़ ने प्रत्येक कार्यकर्ता को 200 सदस्य बनाने का संकल्प दिलाया।

बैठक में जमवारामगढ विधायक महेंद्र पाल मीणा, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस दौरान पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, भाजपा नेता उपेन यादव, शाहपुरा पालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी, मनोहरपुर पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत, मंडल अध्यक्ष रामप्रकाश नाई, जिला महामंत्री बृजेश सोनी, जिला मंत्री ताराचंद चौधरी, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष भगवान सहाय बेनीवाल, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामावतार असवाल सहित कई विधायकगण, विधायक प्रत्याशी, जिला पदाधिकारी, पार्टी के निर्वाचित प्रधान ,नगर पालिका अध्यक्ष, उप प्रधान, जिले में रहने वाले प्रदेश पदाधिकारी, सदस्यता अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक, सहसंयोजक सभी मोर्चों के जिला अध्यक्ष, महामंत्री सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री ,सदस्यता अभियान के सभी मंडल संयोजक, सहसंयोजक उपस्थिति रहे।

## 'ओपन जेल की आवास क्षमता कम नहीं होगी'

**जयपुर।** सांगानेर स्थित ओपन एयर जेल की जमीन पर अस्पताल बनाए जाने के मामले में राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब पेश किया गया। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने जवाब पेश कर कहा कि ओपन जेल के लिए 14,940 वर्गमीटर जमीन का और आवंटन किया जाएगा। वहीं इसकी वर्तमान आवास क्षमता 410 को कम नहीं किया जाएगा। इसके अलावा जेल के पास की 22,232 वर्गमीटर जमीन का आवंटन तीन सौ बैड के अस्पताल के लिए किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि सांगानेर में अस्पताल की आवश्यकता को देखते हुए सरकार वहां इसका निर्माण करेगी और जमीन का आवंटन किया जाए।

## गांधी वाटिका को सेलिब्रेट करने का निर्णय

**जयपुर ।** पब्लिक अगेंस्ट करप्शन संस्था ने 1 अक्टूबर 2024 को सुबह 7 से 8 तक गांधी दर्शन वाटिका को सेलिब्रेट करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में संजय त्यागी एडवोकेट और पूनम चन्द भंडारी एडवोकेट भी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम गांधी दर्शन वाटिका सेंट्रल पार्क गेट नंबर 5 पर होगा।

संयोजक डॉ. टी एन शर्मा एडवोकेट और सह-संयोजक कमलेश सक्सैना एडवोकेट ने बताया कि सेंट्रल पार्क सी-स्कीम जयपुर में एक लक्ष्मी विलास होटल था और वह अवैध तरीके से करीब 15 हजार गज जमीन पर कब्जा करके बनाया गया था तथा एक अन्य व्यक्ति ने करीब 5000 गज जमीन पर कब्जा कर मकान बनाकर रह रहा था। जिसके लिए एडवोकेट संजय त्यागी ने जनहित याचिका लगाई, कई वर्षों तक पूनम चन्द भंडारी एडवोकेट ने उस याचिका पर पैरवी की। सुप्रीम कोर्ट तक एडवोकेट भंडारी ने पैरवी करते हुए की, जिस पर अदालत ने लक्ष्मी विलास होटल पर जुर्माना भी लगाया और इस पूरे होटल और अन्य जगहों से कब्जा हटाकर जेडीए ने कब्जा प्राप्त किया। सेंट्रल पार्क की इस जमीन पर आम जनता के लिए गांधी वाटिका बनाई गई है, जिसे 2 अक्टूबर को सरकार आम जनता के लिए खोलेगी।

# लंबे समय के बाद खुली हाउसिंग बोर्ड की ई-नीलामी : डॉ.रश्मि शर्मा

## 'जयपुर समेत प्रदेश के प्रमुख शहरों में चार स्लॉट्स में की जाएगी प्रीमियम प्रॉपर्टीज की नीलामी'

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर ।** राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से लंबे समय बाद राजस्थान के प्रमुख शहरों में प्रीमियम प्रॉपर्टीज की नीलामी की जा रही है। राजस्थान आवासन मण्डल ने जयपुर सहित राजस्थान के विभिन्न शहरों में स्थित आवासीय-व्यावसायिक भूखंड एवं निर्मित आवास नीलामी के माध्यम से उपलब्ध करवाए हैं।

आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल एक बार फिर आमजन के लिए बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। राजस्थान के प्रमुख शहरों में प्रीमियम संपत्ति खरीदने का आमजन के पास अब मौका है। आवासन मंडल की ओर से जयपुर, भरतपुर, फलौदी, बीकानेर, अलवर, चूरू, सीकर, जोधपुर और भिवाड़ी में प्रीमियम संपत्तियों की ई-नीलामी की जा रही है।

आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि त्योहारी सीज़न में आमजन के लिए प्रीमियम प्रॉपर्टी खरीदने का यह सुनहरा मौका है। उन्होंने कहा कि आवासन मंडल की ओर से आगे भी विभिन्न आवासीय योजनाओं व नीलामी के प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

नीलामी में भाग लेने और अधिक जानकारी के लिए आमजन विभाग की वेबसाइट पर लॉगिन करके अथवा हेल्पलाइन नं. 0141-2744688, 2740009, एवं 9460254319, पर संपर्क कर सकते है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि राजस्थान में 4 स्लॉट्स में ई-नीलामी होगी। 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर, 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर, 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर और 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक 4 अलग-अलग स्लॉट्स में भूखंडों की नीलामी होगी। जिनमें आवासीय और व्यावसायिक दोनों तरह के भूखंड और आवासीय निर्माण शामिल हैं।

### किस शहर में कितनी प्रीमियम सम्पत्ति?

- **जयपुर में 11 बड़े व्यावसायिक भूखंड, 39 छोटे व्यावसायिक भूखंड, 31 आवासीय भूखंड एवं निर्मित आवास**
- **बीकानेर में 46 छोटे व्यावसायिक भूखंड, 7 आवासीय भूखंड एवं निर्मित आवास**
- **भिवाड़ी में 3 बड़े व्यावसायिक भूखंड, 29 छोटे व्यावसायिक भूखंड, 4 आवासीय भूखंड एवं निर्मित आवास**
- **फलौदी में 1 बड़ा व्यावसायिक भूखंड**
- **अलवर में 3 छोटे व्यावसायिक भूखंड, 7 आवासीय भूखंड और निर्मित आवास**
- **चूरू में 9 आवासीय भूखंड एवं निर्मित आवास**
- **सीकर में 4 आवासीय भूखंड एवं निर्मित आवास**
- **भरतपुर में 7 आवासीय भूखंड एवं निर्मित आवास**

## कांग्रेस आज ज्ञापन देगी

**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस की ओर से आमजनता की समस्याओं एवं मांगों को प्रदेश सरकार तक पहुंचाने तथा सरकार को नींद से जगाने हेतु 1 अक्टूबर को जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम जन समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन दिया जाएगा।

## बिच्छीवाड़ा सीडीपीओ का निलंबन

**जयपुर ।** शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग महेन्द्र सोनी ने बताया कि डूंगरपुर जिले की बिच्छीवाड़ा बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) ललीता कटारा को उडान योजनान्तर्गत सेनेटरी नेपकिन आपूर्ति के 2 माह बाद तक भी भौतिक सत्यापन नहीं किये जाने की लापरवाही के लिए निलंबित किया गया है।

## सरकारी हॉस्पिटल में ओ.पी.डी. का समय सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक

**जयपुर ।** सर्दी के सीजन की शुरुआत होने से पहले हेल्थ डिपार्टमेंट ने सभी सरकारी हॉस्पिटल की ओपीडी टाइमिंग में बदलाव किया है। इस बदलाव के तहत मंगलवार 1 अक्टूबर से हॉस्पिटल में ओपीडी सुबह 9 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक संचालित होगी।

जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज, आरयूएचएस से अटैच हॉस्पिटल समेत तमाम पीएचसी, सीएचसी, उप जिला हॉस्पिटल में आज से ओपीडी के समय में बदलाव के आदेश जारी किए हैं। जेके लोन हॉस्पिटल जयपुर के अधीक्षक डॉक्टर कैलाश मीना ने बताया कि ओपीडी का समय मंगलवार से सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।